# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

*दिनांक- 16.09.2025*

**थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का ₹15000/- पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार,नाबालिग अपहृता/पीड़िता पूर्व में सकुशल बरामद**

थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत वादिनी मुकदमा की नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में प्राप्त सूचना पर दिनांक-16.07.2023 को थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0-201/2023 धारा-363 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पंजीकृत अभियोग से संबंधित अपहृता को पूर्व में सकुशल बरामद किया गया। साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर उक्त अभियोग में धारा-376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी किया गया।

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-16.09.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित ₹15000/- पुरस्कार घोषित अभियुक्त ओमकार सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी ग्राम चौरा बगैर खेत थाना कलान जनपद शाहजहांपुर तथा एन 17 सी/265 एफ ब्लॉक, टी हॅाट्स, जे जे कॉलोनी वजीरपुर गाँव थाना अशोक बिहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली उम्र 40 वर्ष को सम्बन्धित **मु0अ0सं0 201/23 धारा 363/376 भादवि0 व ¾ पाक्सो एक्ट** से सम्बन्धित वांछित श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भदोही द्वारा ₹15000/- का पुरस्कार घोषित अभियुक्त ओमकार सिंह उपरोक्त की पतारसी-सुरागरसी में पड़ाव तिराहा पर मौजुद था। कि जरिए मुखबीर खास सूचना मिली की सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जिस पर **15000/- रुपए** का इनाम घोषित है। वह ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन पर मौजुद है ट्रेन से आया है। मुखबीर की इस सूचना पर विश्वास करके पड़ाव तिराहा से प्रस्थान करके ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन पर मेन गेट के पश्चिम तरफ चबूतरे पर बैठे व्यक्ति की के पास पहुँचकर एकबारगी दविश देकर मौके पर ही पकड़ लिया गया। नियमानुसार जामा तलाशी लेते हुए नाम पता पूछा गया तो अपना नाम ओमकार सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी ग्राम चौरा बगैर खेत थाना कलान जनपद शाहजहांपुर तथा एन 17 सी / 265 एफ ब्लॉक, टी हॅाट्स, जे जे कॉलोनी वजीरपुर गाँव थाना अशोक बिहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली बताया। जिसकी जामा तलाशी में ₹1500/- नगद बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त को उसके अपराध का बोध कराते हुए नियमानुसार कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 10.30 बजें गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित मा0 न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

नि0 अजय विक्रम यादव, हे0कां0 अवनीश कुमार थाना गोपीगंज जनपद भदोही।